Without going any further into it, I would say that during the President's rule, no important policy decisions are taken; usually they are left to the elected government. We see of course, even for supply of essential commodities, the distribution system is not properly functioning. It cannot properly function also because elected representatives are not there. Grievances cannot be ventilated by the people. Accessibility is very much less, and the officers who are there as advisors, will be only advising. They don't have a stake in the State. They can't go round to listen to people. Of course, they are not expected to do so to the extent elected representatives are expected to meet the people, who have accessibility to elected representatives. Of

[Dr. (Shrimati) Sarojini Mahishi]

course, we cannot find this situation there. Therefore, Madam, I hope elections will be held as early as possible even though, of course, the extension is there and I know the House is going to pass it. Madam, I do not want to pass aspersions on any party. Many people go to the extent of interpreting that if the elections are held now the Congress will not be in a position to come into power and that is why the period is going to be extended. I do not wish to say all these things. The jumbo executive of the Congress has been creating a lot of confustion. A lot of chaos has been created. I do not want to say all these things because the performance itself will speak. Let the people select their own leaders, let the parties go and fight and let the will of the people prevail. I hope the Home Minister will take full interest and see that the elections are held as early as possible, without waiting either for the Lok Sabha elections or for the period of six months to lapse. I hope arrangements will be made for the elections to be held much earlier.

उप सभापति : आनरेबल मिनिस्टर ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : (उत्तर प्रदेश) महोदया, मुझे अमेंडमेंट पर बोलना है ।

उपसभापति : अमेंडमेंट पर इसमें नहीं बोलते हैं । बिल के ऊपर बोलते हैं, रेजोलूशन पर नहीं बोलते हैं । . . . (व्यवधान) . . . I won't allow you because this is not the procedure.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : यह प्रोसीजर बराबर है । मैं खुद बोल चुका हूं ।

उपसभापति : आप बहस मत कीजिये । मैं कायदे में बात कर रही हूं, मैं कायदे में बता रही हूं । रेजोलूशन पर अमेंडमेंट पर नहीं बोलते, बिल पर बोलते हैं । इसलिये आप बैठ जाइये । मैंने आपकी पार्टी के दो लोगों को टाइम दे दिया है ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं पहले बोल चुका हूं, ऐसे रेजोलूशन पर बोल चुका हूं ।

उपसभापति : नहीं-नहीं, आप बैठ जाइए । आप गलत बोले हैं । If you have made a mistake once, you cannot make it again.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैंने मिस्टेक नहीं की । चेयर ने एलाऊ किया था ।

उपसभापति : तो चेयर ने मिस्टेक की होगी । I am not going to allow you. Please sit down.

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) महोदया, मुझको भी दो मिनिट दि जायें ।

उपसभापति : नहीं :

श्री राम अवधेश सिंह : नहीं देंगी तो मैं बीच में बहुत इंटरप्ट करूंगा ।

उपसभापति : आप चुप रहिये । बेकार में बीच में इंटरप्ट मत करिये । Don't make Parliament a mockery. Let the Minister speak.

श्री राम अवधेश सिंह : मैं एक पार्टी को रिप्रजेंट करता हूं, मेरा हक है बोलने का और आप उल्टी बात कह रही हैं ।

उपसभापति : आप बैठ जाइये ।

श्री राम अवधेश सिंह : क्यों बैठ जाऊं ।

उपसभापति : ठीक है, आप खड़े रहिये पूरे दिन, मुझे कोई एतराज नहीं है।

श्री राम अवधेश सिंह : नहीं-नहीं, यह नहीं चलने वाला। आप मोकरी बना रही हैं। मैंने आपसे निवेदन किया है कि मैं एक पार्टी को रिप्रजेंट करता हूं, आल इंडिया स्तर की मेरी पार्टी है, आप मुझको बोलने दीजिये।

उपसभापति : आपको मालूम नहीं है कि यह पार्लियामेंट है, सीरियस जगह है। यहां डिसक्शन होता है, खाली इंटरप्शन नहीं होते।

श्री राम अवधेश सिंह : इंटरप्शन नहीं करूंगा, लेकिन आप मुझे बोलने तो दीजिये।

उपसभापति : बिल्कुल टाइम नहीं आपकी पार्टी का।

श्री राम अवधेश सिंह : क्यों नहीं हैं ? मैंने लिखकर दिया है।

उपसभापति : आपने लिखकर दिया है, आपकी पार्टी के पास एक मिनिट भी नहीं है। इसलिये आप बैठ जाइये।

श्री राम अवधेश सिंह : एक पार्टी को एक मिनिट भी नहीं ? तो यह कैसे चलेगा।

उपसभापति : नहीं-नहीं, आप बैठ जाइये।

श्री राम अवधेश सिंह : महोदया, मुझको दो मिनिट बोलने दीजिये।

उपसभापति : बिल्कुल नहीं बोलने दिया जायेगा।

श्री राम अवधेश सिंह : महोदया, देखिये फिर इंटरप्शन से ज्यादा हो जायेगा, ज्यादा टाइम चला जायेगा।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Do not defy the Chair. I say, please sit down. I am giving you my ruling. Please sit down.

अगर आप तरीके से नहीं बैठेंगे तो कोई और तरीका भी है।

श्री राम अवधेश सिंह : वह तरीका आप लगा ही नहीं सकती है मुझ पर।

उपसभापति : मंत्री जी आप बोलिये

श्री बूटा सिंह : उपसभापति महोदया, मैं उम्मीद करता था कि आज इस सदन में मुझे कुछ थोड़ा बहुत मार्गदर्शन मिलेगा मेरे माध्यम से कर्नाटक के शासन को राज्यपाल महोदय को, कि इस सदन के मान्यवर सदस्य कर्नाटक के लोगों की सेवा किस तरह से करना चाहते हैं। मगर बड़े दुख की बात है, बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि इस सदन में विपक्ष के मान्यवर सदस्यों ने इस विषय पर बोलते हुये न तो कर्नाटक के लोगों के बारे में और न कर्नाटक के शासन के बारे में कहा, बल्कि समूची राजनीति की और राजनीति भी जो चुनाव से प्रभावित राजनीति है, उसको लेकर आज इस पर बहस की। केवल चन्द्रे गौडा जी और सुब्रहमण्यम स्वामी जी को छोड़कर सभी मान्यवर सदस्यों ने सिवाय राजनीति के भाषण के दूसरा कोई नहीं किया, चित्त बसु जी और गुरुपद स्वामी जी ने भी। गुरुपदस्वामी जी तो संविधान के ऊपर ही अपना भाषण देते रहे, जैसे कि उन्होंने पहली बार संविधान देखा हो क्योंकि आज उनसे कर्नाटक में यह राष्ट्रपति का शासन-काल बढ़ाने के लिये आग्रह किया गया और आज ही शायद उन्होंने संविधान पढ़ा 4.00 P.M. हो। वह भूल जाते हैं कि ये धारा-356 जैसा कि हनुमनथप्पा जी ने कहा था जब देशवासियों ने आपके हाथ में संविधान दिया तो एक ही कलम से 9 सरकारें गिरा दीं। कोई उसमें तर्क नहीं था। कोई उसमें रीजन नहीं था।

[श्री बूटा सिंह]

खाली इसलिये कि वह आपकी पार्टी सत्ता में आई थी और 9 राज्यों में दूसरी पार्टियों का शासन था। (व्यवधान)

उप सभापति : राव अवधेश सिंह जी आप अपनी जगह पर जाइये। यह आपकी जगह नहीं है। आप अपनी जगह जाकर बैठिये।

श्री बूटा सिंह : जब आपके हाथ में संविधान आया तो आपने कोई रीजन नहीं पूछा कोई रिपोर्ट नहीं पूछी कोई तर्क नहीं दिया और एक ही कलम से 9 सरकारें गिरा दीं आज आप किस मुंह से कहते हैं कि आर्टिकल-356 को कांस्टिट्यूशन से निकाल दिया जाये।

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : मैं माननीय गृह मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि 80 में भी यही हुआ था। इसी तरह 9 सरकारें गिरा दी गयी थीं।

श्री बूटा सिंह : हम तो साधु मानते ही नहीं है अपने को। वे हेगड़े के साथ बैठकर बड़े शिष्टाचार मोरल और वेल्यू बेस्ड पोलिटिक्स की बात करते हैं लेकिन जब अपने हाथ में वेल्यू आती है तो फिर क्यों उससे भी बदतर तरीके इस्तेमाल करते हैं। हम तो संविधान के अन्दर कार्य करते हैं।

उपसभापति महोदया सभी विपक्ष की ओर के माननीय सदस्यों ने मेरे ऊपर आरोप लगाया कि हमने विपक्ष की सरकारें गिरायीं। मगर ये देशवासी जानते हैं कि जिस दिन कर्नाटक की सरकार गिरी थी तो उस दिन सरकार को गिराने के जिम्मेदार कौन थे। सुब्रह्मण्यम स्वामी जी और बहुत से माननीय सदस्यों ने बताया। कर्नाटक में जनता पार्टी की हकूमत थी और जनता पार्टी की हकूमत में श्री रामकृष्ण हगड़े वहां मुख्य मंत्री थे और रामकृष्ण हेगड़े ने देश भर में इतना प्रचार किया कि शायद ही स्वतंत्र भारत के किसी मुख्य मंत्री ने इतना भारी पैसा खर्च किया हो अपनी पर्सनल पब्लिसिटी पर जितना कि उन्होंने किया। यह कर्नाटक गवर्नमेंट के रिकार्ड से साबित कर सकता हूं कि जितना कर्नाटक के लोगों का पैसा रामकृष्णत हेगड़े की इमेज को बनाने के लिये खर्च किया गया है आज तक किसी मुख्य मंत्री के ऊपर इतना पैसा खर्च नहीं किया गया है। बड़ी-बड़े स्टेट्स हैं – बिहार है उत्तर प्रदेश है मध्य प्रदेश है उन सब के बजट को यदि जोड़कर रख लिया जाय तो पब्लिसिटी पर उतना पैसा खर्च नहीं हुआ जितना राम कृष्ण हगड़े का हुआ वह केवल भारतवर्ष में नहीं बल्कि भारतवर्ष के बाहर भी हुआ क्योंकि आप अपने को मोरल और वेल्यू बैस्ट पोलिटिशियन कहते थे। फिर जब देखा कि मर्क बाटलिंग केस में पकड़े गये तो जनता पार्टी को डराने के लिये इस्तीफा दे दिया। जनता पार्टी के नेता इतने डरपोक थे कि वे कहते थे तुम्हारे बगैर तो कर्नाटक गिर जायेगा मैं इस वक्त की बात नहीं कर रहा हूं आज की बात नहीं कर रहा हूं। आज तो जनता पार्टी विधवा हो चुकी है और लोकदल यतीम हो चुका है। (व्यवधान) एक यहां से बिगड़ा हुआ राजा उठा, उसने जाकर जनता पार्टी को विधवा कर दिया और लोकदल को यतीम कर दिया। अब ये विधवा और यतीम बी.जे.पी. की गोद में बैठना चाहते हैं। मगर उसने तो शिव सेना से शादी कर ली है। वह आपको क्या संभालेगी? मैं फिर सुनाऊं – यहां से एक बिगड़ा हुआ राजा उठा। लोग कहते हैं पागल था, मगर मैं तो बिगड़ा हुआ कहूंगा क्योंकि उनकी पत्नी ने हायकोर्ट में कहा कि मेरे पति का मेंटल बैलेंस खो गया है। मगर एक बिगड़ा हुआ राजा यहां से उठा और जाते ही उसने मंच खड़ा किया। मंच में बात नहीं चली तो जनता पार्टी को विधवा कर दिया और लोकदल को यतीम कर दिया। अब कहते हैं कि वह बी०जे०पी० की गोद में जायेंगे। बी०जे०पी० की गोद में कसे जाये, उन्होंने तो शिव सेना के साथ शादी

कर ली । वे मेरे भाई मार्क्सिस्ट बैठे हैं, वे झांक रहे हैं इधर-उधर हैं से । बाहर बाहर तो बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, बोल्ड बातें करते हैं शिव सेना जैसा रेबिड, कम्युनल, फासिस्ट, वांट मांट और पार्टी के साथ, माफिया के साथ मिलकर अब लोक सभा का चुनाव लड़ने की तैयारियां हो रही हैं जो न केवल एक संप्रदाय का नाम लेते हैं, शिव सेना एक ऐसा संगठन है जो केवल एक संप्रदाय की बात नहीं करते हैं, मान्यवर, आप तो बहुत अच्छी तरह से जानती हैं, मेरे से ज्यादा जानती हैं, शिव सेना के लोग केवल अल्पसंख्यकों के खिलाफ ही नहीं है, वे हरिजनों के खिलाफ हैं, वे महाराष्ट्र में रहने वाले सभी भारतीयों के खिलाफ हैं, वे तमिलनाडु से गये हुये लोगों के खिलाफ हैं, राजस्थान से गये हुये लोगों के खिलाफ हैं और इतने आतंकवादी इतने फासिस्ट हैं ... (व्यवधान)...

श्री शंकर सिंह वाघेला (गुजरात) । प्वाइंट आफ आर्डर मैडम । होममिनिटर के मुंह में से ऐसे शब्द नहीं निकलने चाहिये । बाल ठाकरे के लैटर... (व्यवधान) ...कि मैं किसी के खिलाफ नहीं हूं । जान-बूझकर गुमराह कर रहे हैं ।

श्री एन.के.पी. साल्वे (महाराष्ट्र) । सच बोल रहे हैं । होम मिनिस्टर हो गये, इसलिये सच्ची बात नहीं करेंगे ? मैडम, क्या होम मिनिस्टर को इस बात पर प्रतिबंध है कि वह सच्ची बात नहीं करे ? आप नहीं जानते कि ठाकरे साहब का बयान है कि मेरा प्रजातंत्र में विश्वास नहीं है, मेरा आतंकवाद में विश्वास है और जो मेरी बात नहीं मानेगा उसे कत्ले-आम किया जायेगा । यह उसका बयान है ।

श्री शंकर सिंह वाघेला । एण्टी नेशनल उसका बयान नहीं है ... (व्यवधान)...

श्री एन.के.पी. साल्वे । अगर यह एण्टी नेशनल बयान नहीं है तो मुबारक हो । ... (व्यवधान)...

श्री बूटा सिंह । उपसभापति महोदया; मैं चाहूंगा कि अगर यह सच नहीं है तो माननीय सदस्य बतायें कि शिव सेना के क्या नारे लग रहे हैं बम्बई में ? मैं तो मराठी जानता हूं, मैं पढ़ लेता हूं नारे । यही नारे लग रहे हैं और यही बोलते हैं । यह बम्बई के अधिवेशन में, बी.जे.पी. में, जो बाल ठाकरे ने स्पीच दी है और उसकी स्पीच के बाद जो लाल कृष्ण आडवाणी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता नहीं कहा जाए . . (व्यवधान) . . .

श्री शंकर सिंह वाघेला । शर्म आनी चाहिये ऐसे गलत बयान देते हुये । मैं पूरे दिन वहां रहा हूं । वहां अधिवेशन में आये ही नहीं बाल ठाकरे, वर्किंग कमेटी में आये थे । ... (व्यवधान)...

श्री बूटा सिंह । मैं तो लाल कृष्ण आडवाणी जी की बात कर रहा हूं । मैंने तो लाल कृष्ण आडवाणी की उस बात को दोहराया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता न कहा जाए ।... (व्यवधान)...

श्री शंकर सिंह वाघेला । आप गुमराह मत कीजिये । गलत बातें मत कहिये ।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Point of order. If Mr. Advani did say that Mahatma Gandhi is not the Father of the Nation, he should come and clarify the position in the House. This is a very serious issue...(*Interruptions*)...

SHRI V. GOPALSAMY: He might have referred to Rajiv Gandhi!

श्री बूटा सिंह : मुझे इस बात का आश्चर्य हो रहा है कि माननीय सदस्य क्यों बार-बार उठ रहे हैं ? यह उनकी बात नहीं है । लाल कृष्ण आडवाणी जो इस सदन के सदस्य हैं, इस बात के ऊपर स्पष्टीकरण दे सकते हैं ।... (व्यवधान)...

श्री शंकर सिंह वाघेला : मैं बी.जे.पी. का हूं और मेरी पार्टी का अध्यक्ष कभी महात्मा गांधी के खिलाफ नहीं बोलेगा ।

श्री बूटा सिंह : उपसभापति महोदया, अगर सही मायनों में आज देश के ऊपर बादल छाए हुए हैं तो फिरकापरस्ती के इस बैत्व के बादल छाए हुए हैं। देश के कोने-कोने में आग लगाने की कोशिश की जा रही है । आज देश के एक-एक राज्य से– आन्ध्र प्रदेश हो, गुजरात हो... (**व्यवधान**)

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: You are in alliance with the Shiv Sena.

श्री बूटा सिंह : यह शिव सेना की बात है और लोक सभा के इलेक्शन के लिए यह सब इकट्ठे हो रहे हैं और सही मायनों में यदि मान्यवर सदन और देश आज किसी के साए में है तो वह फिरकापरस्ती के घिनौने और फिरकापरस्ती के उस बादल के साए में है जिससे पूरे देश की एकता और अखण्डता को खतरा उत्पन्न हो चुका है ।

आज मुझे इस बात का आश्चर्य होता है कि बड़े-बड़े आदर्शवादी लोग, चित्त बसु जैसे, जिन्होंने सारी जिन्दगी देश की एकता और अखण्डता में लगाई, जो सैक्यूलरिज्म के आलम्बरदार रहे, आज किसको सपोर्ट कर रहे हैं ? आज उसे गठबंधन को सपोर्ट कर रहे हैं जिसकी सरपरस्ती शिव सेना कर रही है ।

महोदया, मुझे इस बात के लिए तकलीफ है कि आप लोगों को देश की अखण्डता से कहीं ज्यादा प्यारा है सम्प्रदाय का प्यार और चन्द-एक सीटें इस सदन में या उस सदन में । आज अगर देश की एकता और अखण्डता को खतरा है तो इन साम्प्रदायिक शक्तियों से, प्रतिक्रियावादी शक्तियों से, फ्यूडलिस्ट शक्तियों से और जिनके नाम और जिनके खाते बाहर के देशों में खुले हुए हैं, उनसे खतरा है । आज इस देश के अंदर ऐसे तत्व पनप रहे हैं जो इस देश के बड़े बड़े नेता होते हुए भी 20 हजार रुपए एक साल में विदेशी शक्तियों से, बड़ी खतरनाक शक्तियों से हासिल करते रहे हैं, हमारे श को उनसे खतरा है । इसलिए विपक्ष के लोगों को मैं खासकर आगाह करना चाहता हूं । वार्निंग देना चाहता हूं . . .

श्री चतुरानन मिश्र : महोदया, मेरा एक प्वाइंट आफ आर्डर है । अभी हमने कम्यूनल सिचुएशन पर मोशन मूव ही नहीं किया है, ये उस पर भाषण दे रहे हैं । तो क्या आपने वह शुरू तो नहीं करा दिया ? मैं जानना चाहता हूं कि 4 बजे का समय उसके लिए निर्धारित था . . . (**व्यवधान**)

श्री बूटा सिंह : चतुरानन मिश्र जी मैं कहना चाहता हूं कि आप उस समय नहीं थे जब बी.जे.पी. के मैम्बर श्री जसवंत सिंह जी आज यहां बोले . . . (**व्यवधान**)

श्री चतुरानन मिश्र : आपने 4 बजे का समय निर्धारित किया था, इसीलिए हमने कहा । हमें शक हुआ कि वही तो बहस नहीं हो रही है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: We have listed the communal situation. But due to the delay we are finishing this and we will take up Punjab after this. Let him finish this. Then I will give you a chance.

SHRI SHANKER SINH VAGHELA: He should speak regarding Governor's rule in Karnataka and not on the Shiv Sena and other things. When the discussion on the communal situation is taken up, you are going to reply on that.

उप सभापति : इन्हें पूरा करने दीजिए; बीच में मत बोलिए, पूरा हो जाने दीजिए ।

श्री बूटा सिंह : महोदया, इसी कर्नाटक में गवर्नर रूल पर बोलते हुए श्री जसवंत सिंह जी जो बी.जे.पी. के मैम्बर हैं उन्होंने कहा । ये कहते हैं कि बी.जे.पी. के कोई बोले ही नहीं । बी.जे.पी के सदस्य जसवंत सिंह जी हैं । उन्होंने

भाषण किया और कहा कि बोफोर के साये के नीचे हम मिल रहे हैं । मैं कहना चाहता हूं कि बोफोर के साये के नीचे नहीं, हम सांप्रदायिकता के साये के नीचे मिल रहे हैं । उन्होंने कहा कि बोफोर बड़ी मजबूत तोप है हमको उससे खतरा है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर बोफोर से किसी को खतरा है तो वह हमारे देश के दुश्मनों को है । अगर हमारे देश को खतरा है तो वह सांप्रदायिक शक्तियों से है, उनके साये के नीचे हम मिल रहे हैं। इसलिए मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर सही मायने में आज देश किसी के साये के नीचे है तो वह सांप्रदायिकता के साये के नीचे है . . . (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : बोफोर से खतरा नहीं है . . . . (व्यवधान)

SHRI V. GOPALSAMY: One minute.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Don't interrupt. Please sit down.

SHRI V. GOPALSAMY: The Minister is yielding.

THE DEPUTY CHAIRMAN: He is not yielding.

SHRI V. GOPALSAMY: Will the Home Minister yield for a minute?

SHRI BUTA SINGH: Are you going to contribute something?

SHRI V. GOPALSAMY: Yes. You referred to Mr. Jaswant Singh's speech. I will take only half a minute. I would like to know from the hon. Home Minister for what reasons this Government has given instructions to AIR and Doordarshan not to pronounce the word "Bofors"?

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, no. I would not allow the Home Minister to repeat what you said. Mr. Minister, you don't react to this. It does not concern this.

श्री बूटा सिंह : उपसभापति महोदया, कर्नाटक में भी जब मैं गवर्नर रूल की बात करता हूं तो कर्नाटक जो कि एक बहुत ही परंपरागत समय से शान्तिप्रिय एकता का प्रान्त है जिसमें सभी धर्मों, मजहबों के लोग रहते हैं, गुरुपदस्वामी जी वहां भी जिनके साथ आप दोस्ती कर रहे हैं उन सांप्रदायियों ने हास्पेट में दंगे करवाए, उनके कारण वहां मासूम लोगों की हत्या हुई और गवर्नर रूल में बड़ी कोशिश करके पूरे कर्नाटक राज्य में शांति और व्यवस्था स्थापित की गई है । हम कोशिश कर रहे हैं कि सभी कम्युनिटीज के लोगों को इक्वाल्व करके कर्नाटक में ऐसा वातावरण बनाया जाए जिसके लिए वह प्रसिद्ध है, चाहे भौगोलिक हो, चाहे सांप्रदायिक हो, वहां का वातावरण बहुत मैत्रीपूर्ण है और उस परम्परा को कायम रखने के लिए हमें जरूरत है सभी राजनीतिक दलों के सहयोग की । मगर आप जिनके साथ गठबंधन करने जा रहे हैं, उनकी वजह है दंगे देश के कोने-कोने में हो रहे हैं चाहे गुजरात हो, चाहे राजस्थान हो इसलिए मैं आपको आगाह करना चाहता हूं ।

श्री बूटा सिंह : कर्नाटक में गवर्नर रूल के अन्दर जो उपलब्धियां हुई हैं उसका किसी ने जिक्र नहीं किया । इससे यह सिद्ध होता है कि कर्नाटक के इन एम. पीज की अपनी राजनीति के सिवाय और किसी से किसी किस्म की हमदर्दी नहीं है । मैं यह कहना चाहूंगा कि कर्नाटक में जैसा सुब्रह्मण्यम स्वामी जी ने कहा है कि सबसे पहला काम गवर्नर के सामने यह था कि वहां इकोनोमी जो बिलकुल खत्म हो चुकी थी जैसे गवर्नमेंट स्टाफ को सेलेरी नहीं मिल रही थी गवर्नमेंट एक्सपेंडीचर बंद हो चुके थे और बहुत से महकमें ऐसे थे जिनके पास अपनी गाड़ी चलाने लिए पैट्रोल नहीं था । . . .

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: I said in my speech except payment of salaries, all the development activities have stopped in Karnataka after the President's rule was imposed. No development is taking place. Things are bad there. There is a total collapse of the distribution system. People are not getting essential commodities. The situation is chaotic and worst.

श्री बूटा सिंह : अगर गुरुपदस्वामी जी पढ़कर आते तो ऐसा न कहते । मैं बताना चाहता हूं कि जनता पार्टी के रूल में इरीगेशन और फ्लड कंट्रोल में 1988-89 (जून तक) जो काम हुआ था उसके ऊपर 28 करोड़ रुपये खर्च किये गये थे और राष्ट्रपति शासन में यानि गवर्नर रूल में 1989-90 (जून तक) 43 करोड़ रुपये खर्च हुए । आप अंदाजा लगाइये कि आपके पूरे एक साल की अवधि में 28 करोड़ खर्च हुए और गवर्नर रूल की अवधि में 43 करोड़ । इसी तरह उसी समयावधि में एनर्जी में जनता पार्टी की हुकूमत ने खर्च किये 28.42 करोड़ रुपये और गवर्नर रूल में 41.33 करोड़ रुपये खर्च हुए । इसी तरह से सोशल सर्विसेज में हुआ । अगर आप चाहें तो एक-एक महकमें के बारे में बता सकता हूं । किसी कंट्रेक्टर को पेमेंट नहीं हुई क्योंकि कांट्रेक्टर को महकमें की तरफ से पैसा नहीं मिल रहा था । कांट्रेक्ट को पैसा न देकर मंत्रियों ने पैसा ले लिया था ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMI: I charge it was a wasteful expenditure and there was no development.

SHRI CHATURANAN MISHRA: At this rate there will never be a popular Government in Karnataka.

श्री बूटा सिंह : सर, इसी प्रकार बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर जनता पार्टी के वक्त के पैंडिंग बिल पड़े हुए हैं । कितने पड़े हैं ? फर्स्ट अप्रैल 1989 तक 128 करोड़ रुपये के हैं । राष्ट्रपति शासन में भुगतान किया गया है । The State Plan outlay for 1989-90, which has been fixed at Rs. 1,040 crores, is being fully funded and work under various schemes is going on as per schedule. ठीक है आपके मंत्री लोग पैसा लेते थे । मैं कहना नहीं चाहता कि गवर्नर रूल वहां हमेशा के लिए रहे । वहां पर लोगों की चुनी हुई सरकार आए । मगर आपकी सही तस्वीर दिखाने का तो मुझे हक है । आप लोग क्या करते थे यह मुझे बताने का हक है ।

श्री गुरुपादस्वामी : हेगड़े के बारे में बताइये कि कितनी रकम ली ?

श्री बूटा सिंह : वह जस्टिस कुलदीप सिंह बतायेंगे । Up to July 1989, the progress of expenditure achieved under the State Plan is Rs. 246.73 crores as compared to expenditure of Rs. 160.27 crores in the corresponding period of 1988-89. मैं कहना चाहता हूं कि मैं हिसाब में ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं हूं । मगर ऐसा अंदाजा लगायें तो 246.73 करोड़ खर्च हुआ है जब कि इसी पीरियड में जनता पार्टी की हुकूमत ने 160.27 करोड़ खर्च किया । कितना हो गया गुरुपदस्वामी जी ? यह दुगुना हो गया ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Most of it is a wasteful expenditure. You go to Karnataka and then you will see whether any developmental activities are taking place at the grassroot level. Nothing is taking place there. Most of it is going to corruption.

SHRI BUTA SINGH: A special drive has been launched in Karnataka to mop up the revenue through the State excise by putting down trade on the Indian duty paid Indian made liquor commonly known as 'seconds'. As a result of this and other measures revenue receipts are likely to register an increase of Rs. 100 crores during the year 1989-90.

SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Likely.

श्री बूटा सिंह : श्री चन्द्रे गौड़ा जी सुन लीजिये । हमेशा लाइकली होता है ।

मन्थली आपने स्टेटमेंट एसेंसितल सप्लाई की बात की है। जो मेरे पास फैक्ट हैं। उसके मुताबिक मन्थली राइस की सप्लाई इस वक्त 40 हजार मिट्रिक टन है व्हीट की है 25 हजार मिट्रिक टन और शुगर की है 17778 मिट्रिक टन। पाम आयल की है 2 हजार 5 सौ मिट्रिक टन और करोसीन की सप्लाई 41 हजार 140 किलो लीटर है। आज के दिन में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम कर्नाटक में शायद महाराष्ट्र के बाद दूसरी ऐसी स्टेट है जिसमें प्रत्येक फैमिली के पास पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम एवेलेबल है। उसमें ग्रीन कार्ड होल्डर्स भी है उसमें जितने गरीब है बिलो पावर्टी लाईन में यलो कार्ड होल्डर्स है और अन्य जितने लोग है उनको सबसीडाइज्ड और एसिस्टेड माध्यम से एसेंसियल चीजों की सप्लाई दी जा रही है। यह पहली बार है कि गवर्नर के रूल में सिस्टम को क्लीन किया गया है और सिस्टम इज बीन पुट आन रेल्स।

SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Our demand was for 60,000 tonnes of rice.

SHRI BUTA SINGH: But we have to relate it to the reality. आज के दिन में शांति और व्यवस्था कायम है और आज के दिन जो आपके बिचौलिये लोग है जो एक-एक एम० एल० ए० को चार लाख रुपये हर हफ्ते में देने पड़ते थे जनता दल में कायम रखने के लिए वह भी बंद हो गया। फिएट कार देनी पड़ती थी मारुति कार देनी पड़ती थी बंगलौर शहर की सारी प्रोपर्टी प्लाट काट-वाट कर बांट दी गई, उनको जनता दल में रखने के लिए, वह भी बंद हो गया। मैं समझता हूं कि यह पहली बार है कि कर्नाटक में शासन नाम की चीज लोगों को उपलब्ध हुई है। हम नहीं चाहते हैं कि कांस्टीट्यूशन का जो प्रोविजन 356 है और जिसके अन्दर गवर्नर का रूल लागू किया गया है हमे लागू करना पड़े, लेकिन खेद के साथ लागू करना पड़ता है और हमें दुख होता है। मगर आप हो इन-एफिसिएन्ट हों आपकी पार्टी ही बुद्धू हो, आपस में लड़कर बंट जाय और असेम्बली गिर जाये तो मैं क्या कर सकता हूं। मुझे तो होम मिनिस्टर के रूप में वहां का शासन कांस्टीट्यूशन के मुताबिक चलाना पड़ेगा। आप चिल्लाये जा रहे हैं। अपनी पार्टी अपनी गवर्नमेंट की जितनी भी कमियां हैं उनको छिपाने के लिए हरियाणा के मुख्य मंत्री दिन में तीन बार ब्यान देते हैं कि मेरी गवर्नमेंट गिरेगी। हमको गिराने की क्या जरूरत है? अरे भाई, तेरे बेटे ही आपस में खुद ही खा जाएंगे, सारा कुछ करेंगे, हमें गिराने की कोई जरूरत नहीं है। रामाराव जी रोज चिल्लाते हैं कि हमारी सरकार गिराई जा रही है। रामाराव जी की तो वहां सरकार ही नहीं है। वह सरकार नक्सलाइट की है जो पुलिस वालों को उठाकर ले जाते हैं, तेलगू देशम वालों को उठाकर ले जाते हैं और रामाराव जी हाथ जोड़कर नक्सलाइट से कहते है कि बड़े भाई हम तुम्हारा स्मारक बनाएंगे।

श्रीमती रेणुका चौधरी: आप किसके हाथ जोड़ते हैं?

श्री बूटा सिंह: नक्सलाइटस के स्मारक बनाये जा रहे हैं। इनको शर्म से डूब मरना चाहिए। आपकी गवर्नमेंट आतंकवादियों के स्मारक बनाती है, इसको आप अपनी हुकूमत चालना कहते है? महोदया, मैं इतना कहूंगा कि सभी मान्यवर सदस्यों ने कर्नाटक में चुनाव की बात की है। हम भी चाहते कि कर्नाटक में शीघ्र से शीघ्र चुनाव हों,। डा० महिषी ने बाद में बैठने से पहले यह कहा कि एज सून एज पासिबल।

Yes, we also want elections as soon as possible.

हमने तो बहुत मुश्किल से वहां सफाई की है।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: But not later than parliamentary elections.

श्री बूटा सिंह: जनता दल या जनता पार्टी की हकूमत ने जो बुराइयां की है उनको खत्म करना बड़ा मुश्किल है।

Economy has been brought on rails.

[श्री बूटा सिंह]

हम चाहते हैं कि वहां जल्दी से जल्दी चुनाव हो जाएंगे और वहां चुनी हुई सरकार आकर कर्नाटक के लोगों की सेवा करेगी । मुझे पूर्ण विश्वास है, चन्द्रे गौड़ा जी, वहां के लोग आपको मौका नहीं देंगे, इसलिए मैं समझता हूं कि इसका आपको समर्थन कर देना चाहिए । इसको पास कर देना चाहिए ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I shall first put the amendment moved by Shri Satya Prakash Malaviya to vote.

The question is:

"That in the said Resolution in the fourth line, for the words 'for a further period of six months' *substitute* the words upto the 31st December, 1989"

The motion was negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I shall put the amendment moved by Shri Shri Subramanian Swamy to vote.

The question is:

"That after the said Resolution, the following be added, namely:—

"That the House further resolves that the general elections to the Karnataka Assembly shall be held not later than the general elections to the Lok Sabha".

The motion was negatived.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Madam, I oppose the continuation of President's rule in Karnataka. There is no justification for continuation of President's rule. No valid reasons have been given by the Government so far for continuation. President's rule is being used for partisan ends. We oppose President's rule. In protest, we are walking out.

(At this stage, some hon. Members left the Chamber)

SHRI V. GOPALSAMY: The Home Minister has not given any valid reasons for continuation of Presidents rule in Karnataka. Therefore, I register my protest and I am walking out.

(At this stage, the hon. Members left the Chamber).

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Since no assurance has been given that the elections to the Assembly will be held not later than Parliamentary elecions, I also join the walk out.

(At this stage some hon. Members left the Chamber)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, the question is:

"That this House approves the continuance in force of the Proclamation issued by the President on the 21st April, 1989, under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Karnataka, for a further period of six months with effect from the 21st October, 1989."

The motion was adopted.

Resolution re. Continuation of presidents proclamation under article 356 in relation to pujab

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take up Punjab.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI BUTA SINGH): Madam, I beg to move:

"That this House approves the continuance in force of the Proclamation issued by the President on the 11th May, 1987, under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Punjab, for a furher period of six months with effect from the 11th November, 1989."

As the House is aware, in view of the then prevailing situation in Punjab, pro-